प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 07.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सीबीआई के भारतपोल पोर्टल का किया शुभारंभ, कहा–सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में मिलेगी मदद।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज शाम चार बजे होगी राज्यमंत्रिपरिषद की बैठक, राज्यहित में लिये जायेंगे कई अहम फैसले।
- केंद्र सरकार ने डुमरी– देवघर नेशनल हाइवे को फोर लेन बनाने की दी मंजूरी, गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा– कम हो जायेगी देवघर से रांची की दूरी।
- एचएमपीवी वायरस को लेकर राज्य में विशेष सतर्कता, स्वास्थ्य विभाग ने बचाव को लेकर जारी की गाइडलाइन, जिलों को एहतियाती कदम उठाने का निर्देश।
- रांची में खेली जा रही 68वीं राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में आज होंगी कई स्पर्द्धाएं, 26 स्वर्ण पदक दांव पर।

*****************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री शाह ने कहा कि यह पोर्टल सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा।

*****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज मंत्रिपरिषद की बैठक बुलायी है। बैठक दोपहर बाद 4 बजे से होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने यह जानकारी दी है। साल की पहली कैबिनेट की बैठक में राज्यहित में कई अहम फैसले लिए जा सकते हैं।

*****************

राज्य में भाजपा का सदस्यता अभियान जारी है। इस सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता चंपाई सोरेन ने सरायकेला खरसांवा जिले में सदस्यता अभियान का जायजा लिया। इस मौके पर श्री सोरेन ने कहा कि भाजपा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए झारखंड समेत पूरे देश में प्रभावी तरीके से सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

*****************

केंद्र सरकार ने डुमरी– देवघर नेशनल हाइवे नंबर एक सौ चौदह ए को चार लेन बनाने की मंजूरी दे दी है। दो हजार तीन सौ करोड़ की लागत से ये नेशनल हाइवे बनेगा। इस योजना के तहत गिरीडीह, मधुपुर, सारठ और सारवां में बाईपास का भी निर्माण कराया जायेगा। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने यह जानकारी देते हुए बतया कि नेशनल हाईवे के निर्माण से देवघर एयरपोर्ट से जैनों का सबसे बड़ा आध्यात्मिक तीर्थस्थल सम्मेद शिखर जी यानि पारसनाथ की दूरी केवल एक घंटे में तय होगी जबकि देवघर से रांची केवल 3 घंटे में पहुंचा जा सकेगा।

*****************

कर्नाटक और गुजरात में ह्यूमन मटैन्यूमो वायरस– एचएमपीवी की पुष्टि के बाद झारखंड में भी सतर्कता बरतने को कहा गया है। इस सिलसिले में स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने राज्य के सभी सिविल सर्जन के साथ ऑनलाइन बैठक की और इस वायरस से बचाव के लिए एहतियाति कदम उठाने का निर्देश दिया। रांची स्थित रिम्स के माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. मनोज कुमार ने भी तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये।

*****************

इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कहा है कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस– एचएमपीवी से जनता के लिए चिंता का कोई कारण नहीं है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक वर्चुअल बैठक के दौरान स्वास्थ्य सचिव ने भारत में श्वसन संबंधी बीमारियों की वर्तमान स्थिति और उनके प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों के साथ–साथ एचएमपीवी मामलों की स्थिति की समीक्षा की। सचिव ने राज्यों को इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण की निगरानी को मजबूत करने की सलाह दी है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार **एक्स** हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****************

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व में न्यायिक पदाधिकारियों और जिला प्रशासन की उच्चस्तरीय टीम ने मंडल कारा का निरीक्षण किया। जेल में जातिगत भेदभाव की आशंका को देखते हुए टीम ने जेल का जायजा लिया। हालांकि ऐसी किसी शिकायत की पुष्टि नहीं हुई है।

****************

लोहरदगा जिले की बगड़ू बॉक्साइट माइंस से संचालित रोपवे से बॉक्साइड लदी करीब 22 ट्रॉलियों के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना पर आज कांग्रेस सदस्य सुखदेव भगत ने बॉक्साइट डंपिंग स्टेशन का जायजा लिया। उन्होंने इस दुर्घटना के लिए हिंडालको प्रबंधन को जिम्मेवार ठहराया।

****************

केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के पॉपुलेशन रिसर्च सेंटर– पीआरसी की टीम नौ जनवरी को तीन दिवसीय दौरे पर देवघर आयेगी। इस दौरान टीम के सदस्य सदर अस्पताल, अनुमंडल अस्पताल और सीएचसी की जांच करेंगे। प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी ने इसे लेकर जिले के स्वास्थ्य पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं।

****************

सरायकेला–खरसावां जिले में अफीम की अवैध खेती और कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत के निर्देश पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर अफीम की खेती को नष्ट करने के साथ ही लोगों को वैकल्पिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में अब तक 89 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती नष्ट की गई है।

****************

हजारीबाग में पुलिस ने एक वाहन चोर गिरोह का खुलासा किया है। इस सिलसिले में गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से चोरी की कुछ गाड़ियां भी बरामद की गयी हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ ही इस वाहन चोर गिरोह का खात्मा हो गया है।

****************

रांची जिले के अनगड़ा क्षेत्र में रह रहे बेदीया समुदाय के लोग लकड़ी से सुंदर कलाकृति बनाने की पुश्तैनी हुनर को बचाए रखने के लिए आज भी संघर्षरत है।

*****************

देवघर जिले में 11 से 21 जनवरी तक पुस्तक मेला का आयोजन किया गया है। शहर के बीएड कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाले इस पुस्तक मेले का उदघाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सांसद डॉ. निशिकांत दुबे शामिल होंगे। मेला संयोजक डॉ सुभाष चंद्र राय ने बताया कि उद्घाटन मौके पर राज्यपाल द्वारा कई भाषा विशेषज्ञों को सम्मानित किया जायेगा।

*****************

राज्य में पड़ रही सर्दी और घने कोहरे के कारण रेल और विमान सेवा प्रभावित हुई है। पिछले 24 घंटे के दौरान आठ ट्रेन रांची और हटिया देर से पहुंची। कोहरे का असर हवाई यात्रा पर भी पड़ी है।

*****************

रांची में खेली जा रही 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में आज खिलाड़ियों के बीच कई स्पर्द्धाएं होंगी। आज की स्पर्द्धाओं के लिए 26 स्वर्ण पदक दांव पर हैं। इससे पहले कल झारखंड के खाते में दो स्वर्ण पदक आये। इसमें एक स्वर्ण पदक बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में साकेत मिंज ने हासिल किया जबकि दूसरा स्वर्ण पदक बालिका वर्ग के लांग जंप में प्रीति लकड़ा ने जीता।

************